।।कार्यालय पुलिस उप अधीक्षक वृत पोकरण जिला जैसलमेर।।

कमांक:– 2399 दिनांक:– 08/10/2020

सेवामें,

श्रीमान पुलिस अधीक्षक,

जिला जैसलमेंर।

विषय:– परिवाद द्वारा गणेश कुमार (ज्ञानेश कुमार) की जांच रिपोर्ट के संबंध में।

प्रसंग:– सम्पर्क पोर्टल ग्रिवियन्स नम्बर 10200678721736 दिनांक 05.10.2020 के सन्दर्भ में।

महोदय,

तततततततततततत

उपरोक्त विषय एवं प्रसंग के सन्दर्भ मे निवेदन है कि परिवाद द्वारा श्री गणेश कुमार निवासी वार्ड नं. 01 पोकरण जिला जैसलमेंर का सम्पर्क पोर्टल से इस आशय का परिवाद प्राप्त हुआ कि दिनांक 14.09.2020 को प्रमुख समाचार पत्र दैनिक भास्कर जयपुर संस्करण में प्रकाशित खबर शीर्षक युवक ने पोकरण थाने में खुद पर पेट्रोल डाला लगाई आग के सम्बन्ध में। वगैरा की जांच थानाधिकारी पुलिस थाना पोकरण से करवायी गयी जो निम्नानुसार है–

उक्त परिवाद की जाचं से पाया गया कि पुलिस थाना पोकरण में मृतक गिरधारीलाल जाति भील द्वारा अपने शरीर पर पेंट्रोल छिडककर आग लगा ली जिससें गिरधारीलाल की मृत्यु हो गई थी तथा उक्त के विरूद्व धारा 309 भादस में प्रकरण संख्या 126/2020 पुलिस थाना पोकरण मे दर्ज किया गया। मृतक गिरधारीलाल द्वारा पुर्व मे कोई एफआईआर परिवाद दर्ज नही है न ही किसी पुलिस कर्मचारियो के विरूद्व दुराचरण, दुरव्यवहार व भ्रष्टाचार की कोई शिकायत दर्ज है तथा मृतक गिरधारीराम की पुलिस थाना पोकरण में पहले कभी कोई रिपोर्ट प्राप्त नही है।

अतः जांच रिपोर्ट सूचनार्थ श्रीमानजी की सेवामें प्रेषित हैं।

भवदीय

पुलिस उप अधीक्षक

वृत पोकरण